भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 960

06 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत स्पेशियलिटी स्टील का विनिर्माण

960. श्री सुजीत कुमार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत स्पेशियलिटी स्टील का विनिर्माण करने के लिए सरकार के साथ सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाली कंपनियों की संख्या और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस वित्तीय वर्ष में योजना के लिए अब तक कितनी निधि जारी की गई है; और

(ग) ओडिशा में चिन्हित इस्पात जोनों में अब तक संस्वीकृत अथवा शुरू की गई संभारतंत्रीय तथा अवसंरचना परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) और (ख): 'विशेष इस्पात' के लिए उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में 6322 करोड़ रुपये के परिव्यय से 5 व्यापक उत्पाद श्रेणियों को शामिल किया गया है, इस राशि को वर्ष 2023-24 से 2029-30 तक के दौरान जारी किया जाना है। इस योजना के लिए विस्तृत दिशा-निर्देशों को दिनांक 20 अक्टूबर, 2021 को अधिसूचित किया गया है।

(ग): मिशन 'पूर्वोदय' में ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल तथा आंध्र प्रदेश के भागों में पूर्वी क्षेत्र के विकास को शामिल किया गया है, जिसे इस क्षेत्र में क्रूड इस्पात के क्षमता संवर्धन तथा अवसंरचना और लॉजिस्टिक के विकास को समर्थ बनाकर हासिल किया जाना है।

****